**e-Mail**

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
संoसंo– 03 / भूoअoनिo(6) विशेष सर्वे–13 / 2024(खण्ड)....1391....

प्रेषक,

**कमलेश कुमार सिंह,** भाoप्रoसेo
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**बन्दोबस्त पदाधिकारी**
पटना, बेगूसराय एवं नवादा

पटना, दिनांक :– 24/03/2025

विषय :– बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत द्वितीय चरण के ग्रामो में किस्तवार प्रक्रम के मुश्तकिल एवं त्रिसिमाना सत्यापन का कार्य कोओर्डिनेट आधारित कम्प्यूटर की सहायता से करने संबंधी हवाई सर्वेक्षण एजेंसीयों द्वारा दिए गए प्रस्ताव के आलोक में ग्रामों में धरातलीय सत्यापन किए जाने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में स्पष्ट कहना है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के द्वितीय चरण के 445 अंचलों के 37384 राजस्व ग्रामों में ग्रामस्तर पर मुश्तकिल एवं त्रिसीमाना सत्यापन का कार्य हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों की सहायता से प्रारंभ किया जाना है। इस संबंध में एजेंसियों द्वारा मुश्तकिल एव त्रिसीमाना सत्यापन का कार्य अल्प अवधि में सिमित संसाधनों की सहायता से किए जाने के संबंध में ग्राम के मुश्तकिल एवं त्रिसीमाना के Co-Ordinate को कम्प्यूटर पर सत्यापित त्रिसीमाना निर्धारित कर मानचित्र समर्पित करने का प्रस्ताव दिया गया है। एजेंसी की इस प्रस्तावित कार्ययोजना के अनुकूल कार्य करने से प्रत्येक ग्राम में त्रिसीमाना एवं ग्रामसीमा सत्यापन के कार्य हेतु एजेंसी द्वारा प्रत्येक ग्राम के लिए न्यूनतम ETS एवं कर्मी देने की आवश्यकता होगी और एजेंसी से प्राप्त ग्राम सीमा सत्यापित मानचित्र की सहायता से अमीन द्वारा यथाशीघ्र सम्पूर्ण ग्राम के शत–प्रतिशत् खेसरों के सत्यापन का कार्य प्रारंभ किया जा सकेगा।

उक्त के आलोक में एजेंसियों द्वारा त्रिसीमाना एवं ग्राम सीमा सत्यापन संबंधी कार्य योजना संबंधी त्रुटियों की जाँच हेतु भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 35 / गोo दिनांक 10.03.2025 द्वारा गठित निदेशालय के दल एवं हवाई सर्वेक्षण अरहास टेक्नोलॉजी के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पटना जिले के फुलवारी अंचल के मौजा नदियावां थाना नंo– 89 में मुश्तकिल एवं त्रिसीमाना की जाँच की गई। जाँच के क्रम में त्रिसीमाना के सत्यापन में ETS से नापी गई दूरी एवं एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराई गई दूरी में लगभग 4 से 5 फीट का अन्तर परिलक्षित हुआ (प्रतिवेदन संलग्न)।

उपरोक्त के आलोक में अनुरोध है कि अपने जिले अर्न्तगत द्वितीय चरण के ग्रामों में 5 राजस्व ग्रामों का चयन कर हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के साथ सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मुo) के नेतृत्व में नवगठित विशेष सर्वेक्षण शिविर के विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगों एवं चयनित ग्राम एवं उनकी सीमा से संबंद्ध ग्रामों के विशेष सर्वेक्षण अमीन की सहायता से मुश्तकिल एवं त्रिसीमाना के सत्यापन का कार्य पूर्ण कर प्रतिवेदन निदेशालय को 10 दिनों के अन्दर उपलब्ध कराने की कृपा की जाय, ताकि एजेंसियों से किस्तवार का कार्य किए जाने के संबंध में दिए गए प्रस्ताव पर निर्णय लिया जा सके।

**अनुलग्नक**– यथोक्त।

विश्वासभाजन
21/3/25
**(कमलेश कुमार सिंह)**
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

कृoपृoउo

B:\Dharmveer\Y- 2025\Mayur Ji\Director\... 18-03-2025.doc

24/03/2025

**ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(6) विशेष सर्वे–13 / 2024(खण्ड)...1391......पटना, दिनांक :–**

प्रतिलिपि : संबंधित जिले के प्रभारी पदाधिकारी बन्दोबस्त / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

21/3/25

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(6) विशेष सर्वे–13 / 2024(खण्ड)...1391......पटना, दिनांक :–** 24/03/2025

प्रतिलिपि : संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं निदेशित किया जाता है कि वर्णित मामले में अपने स्तर से भी कार्य को गुणवत्ता पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

21/3/25

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(6) विशेष सर्वे–13 / 2024(खण्ड)...1391......पटना, दिनांक :–** 24/03/2025

प्रतिलिपि : हवाई सर्वेक्षण एजेंसी ATPL, IIC एवं GISC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

21/3/25

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(6) विशेष सर्वे–13 / 2024(खण्ड)...1391......पटना, दिनांक :–** 24/03/2025

प्रतिलिपि : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

21/3/25

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(6) विशेष सर्वे–13 / 2024(खण्ड)...1391......पटना, दिनांक :–** 24/03/2025

प्रतिलिपि : सचिव / अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

21/3/25

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**भवदीय आदेश 35/गो0 दिनांक– 10.03.2025 के आलोक में दिनांक– 12.03.2025 को जाँच दल द्वारा किए गए सत्यापन का प्रतिवेदन**

दिनांक– 12.03.2025 को निदेशालय के आदेशानुसार जिला– पटना के अंचल– फुलवारीशरीफ अंतर्गत मौजा– नादियावाँ (89), पलंगा (87), एवं निशरपुरा (91) में एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराए गए त्रिसीमाना एवं मुस्तकिल की जाँच हेतु शिविर कार्यालय, फुलवारीशरीफ के अमीन, शिविर प्रभारी तथा ARHAS Pvt. Ltd. एजेंसी के प्रतिनिधि एवं ETS Operator के साथ मिल कर इस बात की जांच की गई की एजेंसी द्वारा लैब में तैयार किए गए त्रिसीमाना एवं मुस्तकिल तथा भौतिक रूप से मौजा में त्रिसीमाना एवं मुस्तकिल में समानताएँ है या कुछ भिन्नताएँ है । जाँच के क्रम में निम्नलिखित तथ्य पाए गए है –

1. त्रिसीमाना के सत्यापन के क्रम में एजेंसी द्वारा चिन्हित मुस्तकिल के मध्य पेड़ आने के कारण कुछ नये मुस्तकिल की पहचान कर सत्यापन किया गया ।

2. त्रिसीमाना के सत्यापन के पश्चात ETS से दूरी एवं एजेंसी द्वारा निर्धारित दूरी में चार से पांच फीट का अंतर परिलक्षित हुआ । (अनुलग्नक– नज़री नक्शा) ।

3. एजेंसी द्वारा लैब में मुस्तकिल एवं त्रिसीमाना की पहचान की बावजूद भी सत्यापन में तीन से चार घंटे का समय लगा।

एक त्रिसीमाना की पहचान से सभी मौजों की त्रिसीमाना का आकलन करना कठिन है, ऐसे में बंदोबस्त कार्यालय, पटना से कम–से–कम पांच मौजों के त्रिसीमाना पर सत्यापन प्रक्रिया प्रतिवेदन प्राप्त किया जा सकता है, इसमें त्रिसीमाना के पहचान में परिलक्षित अंतर के आधार पर निर्णय लिया जाना उचित प्रतीत होता है ।

शैलेश कुमार श्रीवास्तव, स0ब0प0

निदेशक

वीरेन्द्र कुमार, स0ब0प0


प्रवीण कुमार, स0ब0प0

मनोज कुमार गुप्ता,
राजस्व अधिकारी

मौजा - नदियावा (89)

Date - 12-03-25

RT NO - 91 (निसरपुरा)




RT No. 87 - पलंगा

Abhimanyu prasad
12/03/25
वि०स० अमीन
मौजा - नदियावा (89)

12/03/2025
वि०स० बं० प०
फुलवारी शरीफ, पटना

Deepchandra Jasri
GIS EX.
Agrofog Infotech(I) LTD

CamScanner